AGLASEM.COM

Madhya Pradesh Board

QUESTION PAPER



Quarterly Exam

रोल नं. .....

931-A

कक्षा 9वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

गणित–100

(माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23)

(कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)

(समय : 03 घण्टे)

(पूर्णांक : 75)

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रश्नों के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(3) प्रश्न क्र. 1 से प्रश्न क्र. 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

(4) प्रश्न क्र. 6 से प्रश्न क्र. 23 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिया गया है।

aglasem.com

schools.aglasem.com

aglasem.com


प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×6=6)

(i) $125^{1/3}$ का मान है –

(अ) 4 (ब) 5

(स) 6 (द) 7

(ii) दी गई आकृति में छायांकित भाग भिन्न के रूप में होगा –



(अ) $\frac{3}{4}$ (ब) $\frac{1}{2}$

(स) $\frac{1}{4}$ (द) 1

(iii) एक परिमेय तथा एक अपरिमेय संख्या का योगफल या अंतर एक संख्या होगी –

(अ) परिमेय संख्या (ब) अपरिमेय संख्या

(स) प्राकृत संख्या (द) पूर्णांक संख्या

(iv) 0.6 और 0.4 का गुणनफल होगा –

(अ) 0.12 (ब) 0.24

(स) 0.36 (द) 0.48

(v) यदि एक दर्जन केले का मूल्य 48 ₹ है, तो 8 केलों का मूल्य होगा –

(अ) 40 ₹ (ब) 32 ₹

(स) 24 ₹ (द) 30 ₹

(vi)

12	×	8	=	16	×	?

खाली बॉक्स में संख्या होगी –

(अ) 6 (ब) 5

(स) 7 (द) 4

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (1×6=6)

(i) 5728 में संख्या 7 का स्थानीय मान_____ है।

(ii) $\frac{3}{5}$ में $\frac{1}{5}$ को घटाने पर_____ प्राप्त होगा।

(iii) 50 ÷ 7 में शेषफल का मान_____ होगा।

(iv) बहुपद P(x) = 2x+5 का शून्यक_____ है।

(v) –3 – (–2) + 3 =_____

(vi) एक घन में_____ फलक होते हैं।

प्र.3 सही जोड़ी मिलाइए – (1×6=6)

(अ)	(ब)
(i) –0.85+1.25	(1) –39
(ii) $\frac{-216}{6}$	(2) 0.24
(iii) (–2) × (–3.5)	(3) 1.25
(iv) –7.5 + 4.5	(4) 0.40
(v) $\frac{5}{4}$	(5) 7
(vi) $\frac{24}{16}$	(6) –1

aglasem.com
schools.aglasem.com

प्र 4 एक वाक्य / शब्द में उत्तर लिखिए – (1×6=6)

(i) बिन्दु (4 1) की x– अक्ष से दूरी होगी।

(ii) 250 मीटर कपडे के थान में से 140 मीटर कपड़ा काट लिया, बताएँ शेष कितना मीटर कपड़ा बचा?

(iii) बिंदु (2, –1) किस चतुर्थांश में स्थित होगा?

(iv) 'लड्डू' का आकार किस ठोस आकृति के समान होता है?

(v) $6\sqrt{5}$ को $2\sqrt{5}$ से गुणा करके मान लिखिए।

(vi) 0 व 1 के बीच एक परिमेय संख्या लिखिए।

प्र.5 निम्नलिखित के लिए सत्य / असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) रैखिक बहुपद की घात 1 होती है।

(ii) एक घन में कुल 8 शीर्ष होते हैं।

(iii) शंकु, एक गोलाकार ठोस आकृति होती है।

(iv) सड़क बनाने वाला रोलर एक बेलनाकार आकृति होती है।

(v) मूल बिंदु में भुज एवं कोटि दोनों शून्य होते हैं।

(vi) –5, –2 से छोटी किन्तु –8 से बड़ी है।

प्र.6 प्रथम तीन सम संख्याओं के योग में प्रथम तीन विषम संख्याओं के योग को घटाने पर प्राप्त संख्या लिखिए। (2)

अथवा

संख्याओं 6, –7, 8, –9, 12 और –10 का योग क्या होगा?

प्र.7 संख्या 532 मे घटाएं कि 452 प्राप्त हो? (2)

अथवा

किसी सख्या में 126 जोडने पर 676 प्राप्त होता है वह संख्या क्या होगी?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.8 संख्या 1234 को प्रसारित रूप में लिखिए। (2)

अथवा

7528 में संख्या 5 का स्थानीय मान क्या होगा?

प्र.9 72 कंचों को 6 विद्यार्थियों में बराबर बांटने पर एक विद्यार्थियों को कितने कंचे मिलेंगे? (2)

अथवा

52 ÷ 8 में भागफल तथा शेषफल का मान लिखिए।

प्र.10 यदि सरिता की वर्तमान आयु y वर्ष है, तो आज से 5 वर्ष उसकी आयु के लिए बीजीय व्यंजक लिखिए। (2)

अथवा

x=1 के लिए व्यंजक x+4 का मान ज्ञात कीजिए।

प्र.11 यदि हिना, आमिर से दो गुनी ऊँची है तो हिना और आमिर की ऊंचाई का अनुपात क्या है? (2)

अथवा

100 को 7:3 के अनुपात में बाँटिये।

प्र.12 एक शर्ट का मूल्य 500.750 ₹ है, दुकानदार इसको 25.75 ₹ की छूट पर देता है, तो शर्ट को कितने रूपये मूल्य में खरीदा जाएगा? (2)

अथवा

दुकानदार एक पेन 45.25 ₹ में खरीदता है तथा उसे 55.75 ₹ में बेच देता है, तो उसे कितने रूपये का लाभ प्राप्त हुआ?

aglasem.com

schools.aglasem.com

प्र.13 $\frac{1}{4}$ को प्रतिशत में बदलिए। (2)

अथवा

40% को भिन्न के रूप में लिखिए।

प्र.14 रमेश ने बैंक से 18500 ₹ उधार लिए, दो वर्ष बाद 1360 ₹ ब्याज जोड़कर बैंक को पूरा कर्ज चुकता कर दिया, तो रमेश ने बैंक को कुल कितने रूपये अदा किये? (2)

अथवा

एक दुकान में शर्ट की कीमत 400 ₹ और पैंट की कीमत 650 ₹ है। तो बताइए पैंट और शर्ट की कुल कितनी कीमत होगी?

प्र.15 हल कीजिए $-\frac{3}{5}+\frac{4}{5}-\frac{2}{5}$ (2)

अथवा

भिन्नों $\frac{3}{4}, \frac{2}{3}, \frac{4}{5}, \frac{1}{2}$ को अवरोही क्रम में लिखिए।

प्र.16 संख्याओं –4 व 8 को संख्या रेखा पर अंकित कीजिए। (2)

अथवा

संख्याओं 2, 0, 8, –6 को आरोही क्रम में लिखिए।

प्र.17 अपने आस–पास स्थित कोई 4 चतुर्भुजाकार वस्तुओं के नाम लिखिए। (2)

अथवा

कोई चार वृत्ताकार वस्तुओं के उदाहरण दीजिए।

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.18 चांदे की सहायता से 45° कोण की रचना कीजिए। (3)

अथवा

5 सेमी का रेखाखंड खींचिए और इसका लम्बार्धक (लम्ब समद्विभाजक) खींचिए।

प्र.19 4 कलमों की कीमत 20 ₹ है तो 15 कलमों की कीमत क्या होगी? (3)

अथवा

546 × 48 का मान ज्ञात कीजिए।

प्र.20 शोभा के पास 30 बटन है। उन्होंने $\frac{1}{5}$ भाग करीम को और $\frac{1}{3}$ भाग जावेद को दिया। बताए, किसके पास कितने बटन है? (3)

अथवा

रीतू ने एक सेब का $\frac{3}{5}$ भाग खाया और शेष सेब उसके भाई सोमू ने खाया। सेब का कितना भाग सोमू ने खाया? किसका हिस्सा ज्यादा और कितना ज्यादा था?

प्र.21 एक आयताकार खेत जिसकी लम्बाई 150 मीटर व चौड़ाई 90 मीटर है। उसमें 30 वर्गमीटर की कितनी क्यारियाँ बनाई जा सकती हैं? (4)

अथवा

सोनू के पापा ने एक आयताकार खेत के चारों ओर 240 मीटर तार की बाड़ लगाई, यदि खेत की लम्बाई 80 मीटर हो, तो खेत की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्र.22 यदि $(x-1)$, $4x^3 + 3x^2 - 4x + k$ का एक गुणनखंड है, तो k का मान ज्ञात कीजिये। (4)

अथवा

घनाभ जिसका आयतन नीचे दिया गया विमाओं के लिए संभव व्यंजक क्या है?

आयतनः $3x^2 - 12x$

प्र.23 दिखाइए कि $0.33333..... = 0.\overline{3}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, जहाँ p और q पूर्णांक है और $q \neq 0$ है। (4)

अथवा

$\frac{5}{\sqrt{5}-\sqrt{3}}$ को सरल कीजिए –

---

aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com
schools.aglasem.com